हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

11 प्रथम शिक्षिका एवं समाज सुधारिका सावित्रीबाई ...



12 ढाणी रिवासा प्रकरण के दोषियों की गिरफ्तारी ...



GD GOENKA PUBLIC SCHOOL
Bhiwani
NURTURING EVERY CHILD'S UNIQUE DREAMS AND POTENTIAL
Address: 5th Km Milestone, Rohtak-Bhiwani Road, Bhiwani
Contact: 9912082000
9912084000



Your Child Can Be Anything. Let it be.

## खबर संक्षेप

### खेल नर्सरियों के लिए 15 मार्च तक आवेदन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी योजना 2025-26 के तहत खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 मार्च तक आवेदन मांगे हैं। यह खेल नर्सरियां ओलंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ खेलों में शामिल खेलों के लिए खोली जाएंगी। इच्छुक संस्थान खेल विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि राजकीय आईटीआई भिवानी के प्रांगण में 12 मार्च को प्रात 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, आरएसी, ट्रेक्टर मैकेनिक, टीपीईएस, शीट मेटल, फाउंड्रीमैन ट्रेड से पास लडक़े व लड़कियां भाग ले सकते हैं। आईटीआई प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट हेतु चयन करेंगे। 18 से 26 आयु वर्ष तक के आईटीआई पास छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

### 18 तक जमा करवाएं दस्तावेजः उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि अनूसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिन छात्रों ने आवेदन किए थे। योजना का लाभ लेने के लिए योजना प्रक्रिया के आवेदन में अधूरे दस्तावेजों के कारण आवेदन पर आपत्ति लगी हुई है और छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिला है। अब उन छात्रों को आपत्ति हटावाने का एक मौका दिया गया है। ऐसे छात्र योजना का लाभ हेतु 18 मार्च तक अपने पूरे दस्तावेज जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

### बुजुर्ग के हाथ से सोने की अंगूठी निकलवाई

**भिवानी।** सुबह के वक्त सैर कर रहे बुजर्ग को नशीला पदार्थ सुंघाकर बदमाश उसके हाथ से अंगूठी निकलवा कर ले गए। पुलिस में दी शिकायत में आजाद मोहल्ला निवासी केदारनाथ ने बताया कि सुबह 08.30 बजे पार्क मे सैर कर रहा था तो घंटाघर अरोड़ा गारमैन्टस के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने मुझे कुछ सुंघा दिया और मेरी हाथ की अंगूठी जो की सोने की है उसे निकालकर ले गए। जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महम चीनी मिल की सभा की बैठक 25 को

**भिवानी।** दी महम सहकारी चीनी मिल लिमिटेड महम जिला रोहतक की सामान्य सभा की बैठक 25 मार्च को मिल परिसर में आयोजित की जाएगी।चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर ने बताया कि इस बैठक में दो सितंबर 2024 को आयोजित हुई सामान्य सभा की बैठक को अनुमोदित करने बारे विचार-विमर्श करके निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने सभी अंशधारी सदस्यों से बैठक में निश्चित तिथि, स्थान व समय पर पहुंचने का अनुरोध किया है।

# होलिका दहन 13 को तो फाग होगा 14 को, चंद्रग्रहण भी लगेगा

*होली पूजन का शुभ मुहूर्त 13 को 10 बजकर 35 मिनट पर प्रारंभ होगा, क्योंकि इस समय से ही पूर्णिमा तिथि शुरू होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

हर वर्ष रंगों की होली अर्थात फाग का त्योहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। रंगों के त्योहार को होली के नाम से जाना जाता है। अबकी बार होली का त्योहार 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है यानी अबकी बार 13 मार्च को होलिका दहन होगा। होलिका दहन के दिन को छोटी होली के नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन किया जाता है, जोकि अबकी बार 13 मार्च को किया जाएगा।

■ 13 को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से दोपहर 3 बजे तक राहुकाल रहेगा

### होली पूजन शुभ मुहूर्त...

उन्होंने ने बताया कि अबकी बार होली पूजन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को 10 बजकर 35 मिनट पर प्रारंभ होगा, क्योंकि इस समय से ही पूर्णिमा तिथि शुरू होगी। उनका कहना था कि 13 मार्च को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से दोपहर 3 बजे तक राहुकाल रहेगा। इस अवधि में होली पूजन से बचना चाहिए। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र में राहुकाल को अशुभ समय माना गया है।

### भद्राकाल के कारण देर रात्रि होगा होलिकज दहन...

#### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त मध्य रात्रि 11 बजकर 30 मिनट से



प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन ने कहा कि अबकी बार होली वाले दिन 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से रात्रि 11 बजकर 29 मिनट तक भद्राकाल रहेगा। जिससे होलिका दहन रात्रि में 11 बजकर 29 मिनट के बाद ही होगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त मध्य रात्रि 11 बजकर 30 मिनट से रात्रि 1 बजकर 4 मिनट तक रहेगा। आवश्यक स्थिति में भद्रामुख त्यागकर भद्रापुच्छ काल में भी श्रद्धालु होलीका दहन कर सकते हैं भद्रापुच्छ काल रात्रि 7 बजे से 8 बजकर 18 मिनट तक रहेगा।

**13 मार्च को होलिका दहन क्यों है उत्तमः** 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 24 मिनट तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। 13 को दिन-रात पूर्णिमा तिथि होने के कारण होलिका दहन इस दिन ही किया जाएगा। 13 को होलिका दहन वाले दिन सुबह 10 बजकर 35 मिनट से रात्रि 11 बजकर 29 मिनट तक भद्रा रहेगी अतः होलिका दहन भद्राकाल के पश्चात रात्रि में 11 बजकर 29 मिनट के बाद ही होगा।

#### चंद्रग्रहण 14 को

पंडित रामकिशन ने बताया कि अबकी बार होली पर चंद्रग्रहण लगेगा लेकिन राहत की बात है कि यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। ऐसे में इसका सूतक काल भी भारत में मान्य नहीं होगा। इसका प्रभाव मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, यूरोप व अफ्रीका के अधिकांश क्षेत्र के अलावा प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक महासागर, उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका, पूर्वी एशिया और अंटार्कटिका पर पड़ेगा। क्योंकि चंद्र ग्रहण भारतीय समय अनुसार दिन में घटित होने वाला है, और दिन में चंद्रमा दिखाई ही नहीं देता।

# अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बच निकला व्यापारी, पहुंचा अस्पताल

## पीड़ित अस्पताल में उपचाराधीन , पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

बीती रात अज्ञात व्यक्ति ने बाड़ी मोहल्ला के सर्राफा व्यापारी का अपहरण कर लिया। पूरी रात परिजन व्यापारी की तलाश में जुटे रहे। अल सुबह व्यापारी के बेटे के मोबाइल फोन पर पैसे ट्रांसफर होने का मैसेज आया तो पता चला। पीड़ित सर्राफा व्यापारी आरोपियों के चंगुल से निकलकर अस्पताल पहुंच गया। फिलहाल पीड़ित अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाड़ी मोहल्ला निवासी सुनील कोकड़ा शाम के वक्त स्कूटी लेकर दवाई लेने के लिए बाजार में गया था। परिजनों के मुताबिक वह देर तक नहीं आया। उन्होंने मोबाइल फोन पर सम्पर्क किया,लेकिन फोन नहीं उठाया गया। पूरी रात वे सुनील को ढूंढते रहे। सुबह करीब चार बजे के आसपास बेटे के मोबाइल फोन पर पैसे निकलने का मैसेज आया। परिजनों ने जिस फोन पर पैसे ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया उसी नम्बर पर सम्पर्क किया तो फोन उठाने वाले ने कोई जवाब नहीं दिया,लेकिन फोन पर रोने की आवाज आ रही थी।






**भिवानी।** घायल को अस्पताल में ले जाते परिजन और किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए अस्पताल में तैनात पुलिस की पीसीआर। फोटो : हरिभूमि

### पत्नी ने किया शक जाहिर

सुबह पीड़ित की पत्नी रचना ने विगत में उनके घर पर हनुमान गेट निवासी हंसराज आने की बात कही थी। महिला ने उसी पर जबरदस्ती घर में रोकने का आरोप लगाया। पुलिस ने शक के आधार पर हनुमान गेट इलाके में दबिश दी तो वहीं पर पीड़ित सुनीत कोकड़ा की स्कूटी मिल गई। उसके बाद पुलिस ने हंसराज के घर पर छापा मारा तो वहां पर केवल हंसराज मिला। पुलिस ने सुनील कोकड़ा के बारे में पूछा तो उसने उस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बाद में पुलिस को जानकारी मिली कि पीड़ित किसी तरह से बच कर सामान्य अस्पताल पहुंच गया और वहां पर इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल सुनीत कोकड़ा के भी बयान दर्ज किए है।

### पत्नी ने किया शक जाहिर

शहर थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह सुनील कोकड़ा की पत्नी रचना ने शिकायत देकर बताया कि कल शाम को उसका पति दवाई लाने की बात कह कर गया था। देर शाम तक घर नहीं आया। उन्होंने अनेक जगहों पर तलाश की। सुबह उन्होंने हनुमान गेट निवासी हंसराज पर उसके पति के किडनैप करने का शक जाहिर किया था। उन्होंने शक व शिकायत के आधार पर हंसराज को हिरासत में लेकर मोबाइल फोन की जांच की तो मोबाइल फोन पर पैसे ट्रांसजेक्शन होने पाए गए। जिस वक्त हंसराज को हिरासत में लिया गया। उस वक्त पीड़ित सुनील कोकड़ा वहां पर नहीं था। वे आरोपियों के चंगुल से बचकर घायल अवस्था में अस्पताल पहुंच गया। घायल अस्पताल में उपचाराधीन है। उन्होंने बताया कि हंसराज के अलावा एक अन्य व्यक्ति भरत इस मामले के आरोपी है। भरत की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि हंसराज के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 26 केस दर्ज है।

■ आरोपित हंसराज के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 26 केस दर्ज
■ हंसराज के अलावा एक अन्य व्यक्ति भरत भी आरोपी

**मामला दर्जः** आरोपी उसके पिता को धमका रहा था, जिस नम्बर पर पैसे ट्रांसफार हुए थे। वह मोबाइल फोन हंसराज का था। पीड़ित ने हनुमान गेट निवासी हंसराज पर उसके पिता का अपहरण करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी रचना की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने धोखाधड़ी का आरोपित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी




थाना साइबर क्राइम भिवानी की टीम ने ऑनलाइन सीमेंट भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनीत निवासी हिसार ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके विद्यापीठ में निर्माण कार्य चल रहा है जो इसके लिए उन्हें सीमेंट की काफी मात्रा में आवश्यकता थी।

इस पर शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन वेबसाइट पर एक मोबाइल नंबर देखा था, जिस पर बात करने वाले ने बताया कि उनके द्वारा डायरेक्ट सीमेंट सस्ते रेट पर मिल जाएगी, लेकिन फोन पर सीमेंट कंपनी के कर्मचारी बनकर बात करने वाले आरोपी ने बताया आपको इसके 2,000 बैग इकट्ठे लेने होंगे। जो इन सीमेंट के बैग की कुल राशि 5,60,000 रुपये थी। इसके बाद शिकायतकर्ता के द्वारा 5,60,000 रुपए आरोपियों के द्वारा बताए गए बैंक आफ महाराष्ट्र के खाते में डाल दिए गए थे इसके बाद सभी आरोपीयों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। थाना साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने ऑनलाइन सीमेंट का आर्डर भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विभीषण कुमार पुत्र सुबोध कुमार निवासी भगवानपुर नालंदा बिहार के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने धोखाधड़ी की राशि को एटीएम से निकलवा कर मुख्य आरोपियों को दी थी जिसके बदले में आरोपी को 5 प्रतिशत कमीशन प्राप्त हुआ था ।

■ ऑनलाइन सीमेंट भेजने के नाम पर ठग लिए 5,60,000 रुपये
■ पैसे ट्रांसफर करवाने के बाद आरोपियों ने बंद कर लिए फोन
■ आरोपी को मिलता था 5 प्रतिशत कमीशन

## मौखिक परीक्षा में सुनने , बोलने व पढ़ने के कौशल के आधार मिलेंगे अंक

# लिखित परीक्षा में श्रुतलेख और लेखन कौशल के आधार पर होगा दक्षता परीक्षण

*पहली से लेकर तीसरी क्लास तक के लिए नया फरमान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

शिक्षा विभाग ने पहली क्लास से लेकर तीसरी क्लास तक के बच्चों की लिंखित व मौखिक परीक्षा के लिए नया फरमान जारी किया है। अब पहली से तीसरी क्लास तक के बच्चों की लिखित परीक्षा में प्रश्नों के जवाब के आधार पर अंक मिलेंगे। साथ में श्रुतलेख व लेखन कौशल आधारित दक्षता का भी परीक्षण होगा। उसी के आधार पर बच्चों को अंक दिए जाएंगे। जिस बच्चे का श्रुतलेख व लेखन कौशल बेहतर होगा। उस बच्चे को अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

इस बारे में प्रदेश के सभी स्कूल मुखियाओं को पत्र भेजकर सूचित कर दिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भेजे निर्देशों में कहा गया है कि बाल वाटिका –तृतीय के लिए केवल एक संयुक्त परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रत्येक छात्र के लिए दो दिनों के दौरान क्रमवार परीक्षा ली जा सकती है। परीक्षा का पर्टन अभ्यास प्रशन पत्र के अनुसार होगा। इस बारे में किसी तरह की कोई कोताही व लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं पहली क्लास से लेकर तीसरी क्लास तक के विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा (हिंदी व अंग्रेजी) और मौखिक परीक्षा अंग्रेजी, हिंदी व गणित की परीक्षा अलग अलग दिनों में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में श्रुतलेख व लेखन कौशल आधारित दक्षता का परीक्षण करेगी और मौखिक परीक्षा विद्यार्थियों के सुनने, बोलने व पढ़ने के कौशल का परीक्षण किया जाएगा। यहां यह बताते चले कि इस दौरान बच्चों से हिंदी व अग्रेजी के लेशन को पढ़वा कर देखा जाएगा। उनके शब्दों के बोलने व उच्चारण के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। निर्देशों में बताया गया है कि पहली से तीसरी क्लास तक की लिखित परीक्षा आयोजित करे। उसके बाद निपुण हरियाणा टीचर एप में उपलब्ध मौखिक परीक्षा शुरू करें। वे एक एक करके छात्रों को बुलाएं और पहले लिखित परीक्षा का उत्तर दर्ज करे,उसके बाद प्रत्येक छात्र की मौखिक परीक्षा के उत्तर दर्ज करे। इसी तरह निपुण हरियाणा टीचर एप के जरिए ही बालवाटिका तृतीय से लेकर तीसरी क्लास का वार्षिक आकंलन रिकार्ड डाऊनलोड करें।

### दो घंटे की होगी परीक्षा

बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग ने भेजे निर्देशों में कहा गया है कि विद्यालय सामान्य दिनों के समय के अनुसार ही लगेंगे। लिखित परीक्षा का समय सामान्य विद्यालयों के लिए सुबह नौ बजे से लेकर 11 बजे तक दोहारी पारी वाले स्कूलों के विद्यालयों के लिए एक बजे से तीन बजे तक रहेगा। जिन स्कूलों में शिक्षा बोर्ड के परीक्षा केंद्र बने है। उन स्कूलों में परीक्षा के समय में अपनी सुविधा के हिसाब से कर सकते है,लेकिन इसकी सूचना बीईओ कार्यालय में भेजना निहायत जरूरी है।



### वूशु विमेंस लीग में ढाणी हनुमान स्कूल की सलमा ने जीता रजत पदक, स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

**भिवानी।** हनुमान ढाणी स्थित राजकीय वमा विद्यालय की छात्रा सलमा ने वूशु विमेंस लीग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीत विद्यालय और जिले का प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया। खिलाड़ी सलमा का सोमवार को विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता सैनी सहित स्टाफ सदस्यों ने छात्रा सलमा की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए उसे सम्मानित किया। विद्यालय की डीपीई प्रोमिला ने बताया कि वूशु खेल संघ हरियाणा के बैनर तले खेलो इंडिया स्टेट विमेंस वूशु लीग प्रतियोगिता फतेहाबाद में नौ मार्च को हुई, जिसमें विद्यालय की सलमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्या सुनीता ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद होनहार खिलाड़ी सलमा ने राज्य स्तर पर पदक हासिल कर परिजनों और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भविष्य में भी वह इस तरह के खेल प्रदर्शन से पदक जीतकर नई उपलब्धियां अपने नाम करेगी। इस मौके पर प्रवक्ता अमित, सतीश शास्त्री, राकेश, नरेश, भरत अत्री, सरोज रानी, सुमन, अंगूरी देवी, कंचन तंवर आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. राजीव भाविप लोहारू शाखा के प्रधान चुने गए

**लोहारू।** भारत विकास परिषद की स्थानीय छत्रपति शिवाजी शाखा की आवश्यक बैठक आदर्श प्ले स्कूल में हुई। परिषद के जिला प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. राजीव वत्स को स्थानीय शाखा का अध्यक्ष चुना। वहीं मास्टर पवन स्वामी को सचिव और जितेंद्र जांगड़ा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधान डॉ. राजीव वत्स ने कहा कि भारत विकास परिषद ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हुए देश राष्ट्रवाद की भावना में पिरोने का काम किया है। लोहारू में दो वर्षों से संगठन के सदस्यों ने भारतीय संस्कृति को जीवंत करने के साथ समाजसेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। संगठन उन्हें जो जिम्मेदारी दी, उसका वे बूखबी निर्वहन करेंगे और संगठन को सुदृढ बनाने का काम करेंगे।

हरिभूमि
# सहेली






होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

# होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

**सरस्वती रमेश**

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

## स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली

देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।



## साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।



## कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

## खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

# रंगों के समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगाने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

**चेतना झा**



*अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।*

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखा है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास करते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से जुड़ा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा पर छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

# तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. अदिति शर्मा**
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

# होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।



**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।

**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।



होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

# पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

## विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



## पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



**प्रस्तुति : आरती सक्सेना**

## खबर संक्षेप



भारतीय क्रिकेट टीम के आईसीसी चैंपियनशिप ट्राफी जीतने पर खुशी मनाते शिक्षक व विद्यार्थी।

### भारतीय टीम के ट्राफी जीतने पर मनाया जश्न

**चरखी दादरी।** भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी चैंपियनशिप ट्राफी जीतने पर वैश्य वमा विद्यालय परिसर में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने जश्न मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य विमल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्य ने क्रिकेट सीरीज के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया की टीम को पटखनी देकर जगह बनाई और ट्राफी जीती।

### पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**भिवानी।** अणुव्रत समिति ने श्रीराम पाठशाला में इको फ्रेंडली फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के अध्यक्ष रमेश बंसल ने कहा कि इको फ्रेंडली होली मनाने एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम इको फ्रेंडली होली मनाकर पर्यावरण को बचा सकते हैं। बच्चों को होली के नाम पर हुड़दंग नहीं करने, पानी का अपव्यय नहीं करने तथा बम एवंर पटाखे नहीं चलाने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि जल है तो कल हैं, पानी के बिना जीवन संभव नहीं हैं, इसलिए पानी बचाने की मुहिम में सहयोग करें।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार छह मार्च से चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत परेड से की गई। इसके बाद दिन की मुख्य गतिविधियां पर्यावरण संरक्षण विषय पर केंद्रित रही, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से संबंधित स्टॉल प्रतियोगिता आयोजित की। स्वयंसेविकाओं ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रिसाइकिल और खराब वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल के साथ घर में रखी रददी, बेकार व टूटी-फूटी चीजों से विभिन्न मॉडल, पोस्ट, गमले, फोटोफ्रेम और घरेलू सजावट से संबंधित चीजों को प्रदर्शित किया।

### 60 प्रतिशत दिव्यांग की बनवाई जा सकती पेंशन

**चरखी दादरी ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर प्रदेश सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और वह हरियाणा का निवासी हो एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने इस बारे में बताया कि सरकार द्वारा दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है।

### नमन व साक्षी ने उत्तीर्ण की फाइनल प्रवेश परीक्षा

**भिवानी।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा दिसंबर में आयोजित कंपनी सचिव व्यवसायिक फाइनल प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें के.एम. पब्लिक स्कूल के सत्र 2019-20 से कक्षा बारहवीं के छात्र नमन नरूला व सत्र 2018-19 से छात्रा साक्षी अग्रवाल ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है ।

### कैबिनेट मंत्री ने जताया शोक

**बवानीखेडा।** बरवाला विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा के संचालक प्राचार्य ताराचंद यादव के घर पहुंच कर उनकी धर्मपत्नी मेवा देवी के स्वर्गवास पर शौक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम परम पिता परमेश्वर से विनती करते हैं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

---

### गांव पहलादगढ़ की एससी चौपाल में कार्यक्रम का आयोजन

# प्रथम शिक्षिका एवं समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले को दी श्रद्धांजलि

**फुले दंपति ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है, विशेष रूप से महिलाओं और दलित वर्ग के उत्थान के लिए उनके प्रयास ऐतिहासिक रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव पहलादगढ़ की एससी चौपाल में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला अध्यापिका एवं समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई, जिसमें अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि अधिवक्ता संदीप पाटिल ने की।

इस अवसर पर मुख्यतिथि ने सावित्रीबाई फुले के चित्र के सामने द्वीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़गुज्जर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा का अधिकार प्राप्त है, वह सावित्रीबाई फुले की ही देन है। सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर नारी शिक्षा की आधारशिला रखी। संस्था के सदस्यों ने मुख्यतिथि को मांगपत्र सौंपकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा लगवाने की मांग की। फुले दंपति ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है, विशेष रूप से महिलाओं और दलित वर्ग के उत्थान के लिए उनके प्रयास ऐतिहासिक रहे हैं।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर बनवारीलाल जिंदल कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर अश्विनी संभ्रवाल, ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश धानिया, पार्षद विनोद प्रजापति, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, ह्यूमन राईट एंड एंटी करप्शन कौंसिल के राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता अजय संभ्रवाल आदि उपस्थित थे।



सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि देते अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर व अन्य।

#### फुले से प्रेरणा लें

विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि उस दौर में महिलाओं की शिक्षा का विरोध किया जाता था, लेकिन सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक बाधाओं का सामना कर दलितों व महिलाओं को शिक्षित करने का महान कार्य किया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन हर विद्यार्थी, शिक्षक और समाज सुधारक के लिए प्रेरणादायक है और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। महिलाओं की शिक्षा के लिए जो क्रांतिकारी कदम उठाए, उनके कारण महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। भारत की वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी इसी शिक्षा और सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण हैं। वह देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं, जो दर्शाता है कि शिक्षा और जागरूकता कैसे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर देती है। हमें सावित्रीबाई फुले से प्रेरणा लेकर बेटियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाना चाहिए।



भिवानी। देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को नमन करते रीतिक वधवा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## फुले का संघर्ष देशवासियों को करेगा प्रेरितः रीतिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। सावित्रीबाई ने सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री थी। सावित्रीबाई ने भारत के प्रथम कन्या विद्यालय में प्रथम महिला शिक्षिका के रुप में कार्य किया, ये बात भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कही। रीतिक ने कहा कि सावित्रीबाई को आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत माना जाता है। वर्ष 1852 में उन्होंने प्रथम विद्यालय की स्थापना की। सामाजिक चेतना के लिए उनका संघर्ष देशवासियों को सदा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और उन्हें शिक्षित बनाना था, वे एक कवियत्री भी थी, उन्हें मराठी की आदि कवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। सावित्रीबाई एक शिक्षण सुधारक और समाज सुधारक दोनों ही तरह का काम करती थी। इस मौके पर बापोड़ा के पूर्व सरपंच सुनील वाल्मीकि, इमरान बापोड़ा, दलबीर सिंह, प्रेम कुमार, मुकेश, नरेंद्र, प्रदीप, राजेश, राजन, दीपक ने भी सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

---

## जीवन में अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के बारे में दी जानकारी

■ विद्यार्थी जीवन में सकारात्मक सोच रखें, तभी तरक्की संभव : डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के गुर सिखाते खिलाड़ी।

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंजीतसिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके की। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. मदन, डॉ. सुदेश व पूनम जोगपाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि चौधरी बंसीलाल विवि के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुरेश मलिक रहे। डॉ. मलिक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने जीवन में अनुशासन और सर्वांगीण विकास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में सकारात्मकता रखनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मदन ने सभी का धन्यवाद किया। एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष कैंप के दूसरे दिन 'दुर्गा अकेडमी' से वुशू कोच सोमवीर मुख्यतिथि के तौर पर आए। सोमवीर ने अपनी टीम के मेंबर्स के माध्यम से कैंप में स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाएं। प्रोग्राम अधिकारी डॉ. मदनसिंह ने मुख्यतिथि का स्वागत किया तथा लड़कियों को शिक्षा के बारे में जागरूक किया।

### जेसीआई भिवानी स्टार का होली उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी स्टार ने एक बैंक्वेंट हॉल में होली उत्सव एवं अवॉर्ड नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया। रंगारंग कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जेसीआई के मीडिया प्रभारी जेसी कपिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक होली मिलन से हुई, जिसमें सभी ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल में जोश भर दिया। नृत्य, संगीत और हास्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष के प्रतिभावान सदस्यों को पूर्व प्रधान जेसी भारत गुप्ता ने सम्मानित किया।

## बिना ई-रवाना के पिछले तीन महीने में पकड़े 12 वाहन

*वाहन मालिक से दो लाख 10 हजार रुपये की राशि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

### अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं होगा

महावीर कौशिक ने कहा कि जो लोग अवैध खनन करने का प्रयास करते है, उनके वाहनों को जब्त कर नियम के अनुसार भारी भरकम जुर्माना लगाया जाता है। जिला खनन अधिकारी पंकज ने बताया कि वर्ष 2024 में अवैध खनन में लिप्त 15 वाहनों को जब्त किया गया, जबकि 2025 में अब तक 12 वाहनों को पकड़ा गया है। पकड़े गए वाहनों के पास ई-रवाना बिल नहीं थे। वर्ष 2025 में पकड़े गए वाहनों में से एक वाहन मालिक से जुर्माने के रूप में दो लाख 10 हजार रूपए की राशि विभाग द्वारा वसूली जा चुकी है। जिला उपायुक्त महावीर कौशिक की देखरेख में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है और अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि जिला में अवैध खनन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिला टास्क फोर्स से जुड़ी टीमें दिन रात चेकिंग व निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग के स्पष्ट निर्देश है कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही लाजमी है। महावीर कौशिक ने कहा कि जिले में अवैध खनन करने वालो की कमर तोडऩे के लिए खनन विभाग और इन्फोर्समेंट विभाग दिन रात एक किये हुये हैं। उन्होंने बताया कि आज खनन विभाग की टीम द्वारा लोहारू और तोशाम क्षेत्र में खनन वाहनों की चेकिंग की गई। वाहनों के ई-रवाना बिल चैक किए गए। खनन अधिकारी ने बताया कि सोमवार को टीम द्वारा दो दर्जन से भी अधिक खनन वाहनों की चेकिंग की गई। जांच के दौरान कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में दिन रात चैकिंग की जा रही है।

---

**मार्केट न्यूज**

### होली के रंग मुरली स्वीट्स की गुजिया के संग



**भिवानी।** होली का त्योहार पास आते ही मिठाई के शौकीन लोगों का मन गुजिया की मिठाई का लुत्फ उठाने की और आकर्षित हो जाता है। ऐसे अवसर पर भिवानी शहर के मिष्ठान प्रतिष्ठान पर स्पेशल शाही गुजिया खरीदने के लिए उपलब्ध है। भारी मात्रा में ग्राहकों की भीड लग रही है। मुरली स्वीट्स आज भिवानी तथा आसपास के क्षेत्र में प्रीमियम क्वालिटी की मिठाइयों के क्षेत्र में जाना माना नाम बन चुका है। मुरली स्वीट्स पर सभी उत्पाद सर्वोत्तम क्वालिटी के देशी घी द्वारा पूर्ण शुद्धता के साथ तैयार किए जाते हैं। तभी सभी उत्पादों का स्वाद अनूठा व महक अनुपम है। नवरात्रों के लिए सवामणी प्रसाद की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। सवामणी प्रसाद में मोटी बूंदी लड्डू, मोतीचूर लड्डू, दिलखुशार, पेड़ा एवं चूरमा उपलब्ध हैं। मुरली स्वीट्स पर छप्पन भोग प्रसाद भी बनाया जाता है। मुरली स्वीट्स संगठन का प्रमुख उद्देश्य ग्राहकों को उचित मूल्य पर बेहतरीन क्वालिटी के उत्पाद उपलब्ध करवाना है।

## सरकार की नीतियों से कर्मचारियों में भारी रोष

*भिवानी में 18 को होगा प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



मीटिंग को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ जिला कमेटी की बैठक चिड़ियाघर रोड स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता में जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने की।

मीटींग में विशेष रूप से प्रान्तीय कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, प्रान्तीय उपप्रधान जयभगवान जांगड़ा, सहसचिव दलबीर श्योराण, मुख्य सलाहाकार सज्जन भारद्वाज, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन, प्रांतीय प्रचार सचिव सरजीत खेड़ा उपस्थित रहे। जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने जिले में कार्यरत सभी ग्यारह ब्रांचों से मीटिंग में आए पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि गत 22 फरवरी को प्रान्तीय कमेटी की हिसार में हुई बैठक में निर्णय लिया कि राज्य के परिमण्डल अभियंता कार्यालयों पर निम्नानुसार रोहतक में 17 मार्च, भिवानी में 18 मार्च, हिसार में 19, सिरसा में 20, कैथल में 21, जीन्द में 21, नारनौल में 24, झज्जर में 24, रेवाड़ी में 25, गुरूग्राम में 25, अम्बाला में 26, करनाल में 26, चण्डीगढ़ में 27, सोनीपत में 28 तथा पलवल, मेवात में तीन अप्रैल सभी सर्कल कार्यालयों पर जोरदार धरने प्रदर्शन होंगे। जिला भिवानी के सभी कर्मचारी अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर 18 मार्च को एकत्रित होकर मांग-पत्र जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अधीक्षक अभियंता को देकर सभी पैदल मार्च करेंगे।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिकाः गोयल

**भिवानी।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो एकाग्रता से कड़ी मेहनत करते हुए खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़े। पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाने में वैश्य कॉलेज के खिलाड़ियों की बड़ी भूमिका रही है ये बात वैश्य कॉलेज भिवानी में महाविद्यालय के छात्र दीपक द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली (यूपी) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय ग्रेपलिंग पुरुष/महिला टूर्नामेंट में चौ. बंसीलाल विवि का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त करने के पश्चात महाविद्यालय लौटने पर उसे सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही।

### गुजरात के राज्यपाल ने दो युवाओं को किया सम्मानित



**भिवानी।** संस्कृति और स्वास्थ्य को परस्पर जोड़ने व मिलावट रहित खाद्य पदार्थ आमजन तक पहुंचाने वाले दो युवाओं को उनके इन प्रयासों के लिए गुजरात व हरियाणा के दोनों राज्यपालों ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल एवं देश में जहरमुक्त खेती के अग्रदूत आचार्य देवव्रत ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि युवाओं ने संस्कृति और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लोगों तक जहरमुक्त खाद्य पदार्थ पहुंचाने का कार्य किया है।

### शिविर में 156 मरीजों की जांच, दवाइयां बांटी



**चरखी दादरी।** कलियाणा व नरसिंहवास में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविरों में आई क्यू आई केयर अस्पताल के डॉक्टर संतोष, डॉक्टर प्राची, डॉक्टर निलीमा व डॉक्टर विजय ने सेवाएं प्रदान की और कुल 156 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की।

### सरकारी विभागों की शिकायतों को निपटाने में अहम हैं समाधान

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों से विभिन्न सरकारी विभागों में आने वाली शिकायतों का बोझ कर हो रहा है। इन समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन को उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याएं का त्वरित व प्रभावी समाधान मिल रहा है। सोमवार को एसडीएम आशीष सांगवान व सीटीएम जितेन्द्र की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रतिदिन समीक्षा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद हाते हैं। शिविर में रोजाना हो रही समीक्षा से स्पष्ट है कि विभागों में शिकायतों का बोझ कम हो रहा है।

### शिविर में 112 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया

**भिवानी।** कालुवास मोड़ स्थित सतलोक आश्रम में संत गरीब दास महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में जारी तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहे। इस दौरान रक्तदान शिविर, बिना दहेज की (रमैणी) शादी, संत गरीबदास महाराज के अमर ग्रंथ का अखंड पाठ, आध्यात्मिक प्रदर्शनी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। संत रामपाल महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को श्रद्धालुओं ने 112 यूनिट रक्तदान किया तथा छह जोड़ों की दहेज मुक्त रमैनी विवाह हुआ। संत गरीबदास महाराज की अमरवाणी का अखंड पाठ की अमृत वाणी एवं शुद्ध देसी घी से बने शुद्ध सात्विक भोजन का लाभ आने वाले सर्वजन उठा रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजन में आश्रम प्रबंधन समिति के सदस्य अंजूबाई, भक्त बलवान दास, भक्त धर्मपाल दास, भक्त वजीर दास, भक्त जगबीरदास एडवोकेट और जिला कोऑर्डिनेटर भक्त नानक दास, भक्त धर्मवीरदास डाबला, भक्त नरेंद्रदास आदि सेवादारों ने विशेष योगदान दिया।

---

**उद्घाटन** समारोह की अध्यक्षता विधायक घनश्याम सर्राफ ने की

*श्रीश्याम मंदिर में नवनिर्मित श्रीश्याम तोरण द्वार का उद्घाटन*

## श्याम बाबा के जयकारों के साथ ध्वजा यात्रा श्री श्याम तोरण द्वार पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीटीएम चौक स्थित श्रीश्याम मंदिर में नवनिर्मित भव्य श्रीश्याम तोरण द्वार का उद्घाटन फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी की पूर्व संध्या पर धूमधाम से संपन्न हुआ।

छोटी काशी में खाटू श्याम की तर्ज पर बने भव्य विशाल श्रीश्याम तोरण द्वार का उद्घाटन सांसद धर्मबीर सिंह ने किया। समारोह की अध्यक्षता विधायक घनश्याम सर्राफ ने की तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सरदाना, पार्षद मनीष गुरेजा, राकेश कटारिया, बिल्लू कुंगडिया व धर्मबीर नेहरा रहे। उद्घाटन से पूर्व श्रीश्याम मंदिर चिरंजीव कॉलोनी से विशाल श्याम ध्वजा यात्रा का शुभारंभ हुआ, ये यात्रा चिरंजीव कॉलोनी, डीसी कॉलोनी, विजय नगर व रामनगर कॉलोनी आदि से होते हुए बीटीएम चौक पहुंचकर श्याम तोरण द्वार के उद्घाटन का साक्षी बनी। फाल्गुन मास में खाटू श्रीश्याम बाबा की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है।

ध्वजा यात्रा में 'हारे का सहारा श्रीश्याम बाबा हमारा' 'लखदातार की जय' आदि श्याम बाबा के जयकारों के साथ ध्वजा यात्रा श्री श्याम तोरण द्वार पर पहुंची, जहां अतिथियों ने श्रीश्याम तोरण द्वार को श्रीश्याम भक्तों को समर्पित किया। तोरण द्वार बनने पर श्रीश्याम भक्तों में विशेष उत्साह नजर आ रहा था। श्रीश्याम भक्तों का भारी जनसमूह गाजे-बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। वहीं श्याम बाबा के जयकारों के साथ समस्त वातावरण श्याममय नजर आ रहा था तथा महिलाओं का उत्साह भी देखने योग्य था।

इस अवसर पर श्रीभगवान वशिष्ठ, नरोतम बागडी, सुनील गोयल, प्रोफेसर सुरेंद्र कौशिक, शिवकुमार गुप्ता, सिल्कराम शर्मा, सुशील सरदाना, मनोज शर्मा, नरेश अरोड़ा, विजय गोयल, अनिल यादव, अरविंद यादव, राजेश गुप्ता, रमेश गुर्जर आदि उपस्थित थे।



भिवानी। श्रीश्याम बाबा के जयकारों के साथ ध्वजा यात्रा में भाग लेते विधायक घनश्यामदास सर्राफ, नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व अन्य।

## खबर संक्षेप


चरखी दादरी। पूर्व मुख्यमंत्री का दादरी आगमन पर स्वागत करते कांग्रेसी।

### पार्टी के लिए मेहनत करते रहें कार्यकर्ता: हुड्डा

**चरखी दादरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के दादरी आगमन पर कांग्रेसी नेता बलराज फौगाट के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर काम करते रहे और भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करें। हुड्डा ने कहा कि चुनाव हार से कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होना चाहिए। कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी मजबूत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सोमबीर श्योराण, डॉ. मनीषा सांगवान, कलासिंह फौगाट, अमन डालावास, सतबीर पंच व एडवोकेट बलवान श्योराण आदि मौजूद थे।

### चरखी दादरी की महिला व पुरुष टीम का चयन 12 को

**चरखी दादरी।** हरियाणा राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 15 व 16 मार्च को जिला कुरुक्षेत्र में होने जा रही है, जिसके लिए जिला चरखी दादरी की महिला व पुरुष टीमों का चयन 12 मार्च को सुबह 9 बजे जनता कॉलेज स्टेडियम में किया जाएगा। एमेच्योर खो-खो संघ चरखी दादरी के महासचिव विजेश कुमार ने बताया कि सभी खिलाड़ी ट्रायल के समय अपना आधार कार्ड व दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य साथ लेकर आए। ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी जिला चरखी दादरी का मूल निवासी हो या जिले में किसी स्कूल और कॉलेज में पढ़ता हो।

### विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक आयोजन हुई। बैठक में सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने जिला स्तर पर विडो सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने बारे में विस्तार से समीक्षा की। सीजेएम ने निर्देश दिए कि विडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया जाए।

### सोहांसड़ा में कांशीराम जयंती समारोह 15 को

**लोहारू।** उपमंडल के गांव सोहांसरा में 15 मार्च को बहुजन नायक कांशीराम की जयंती समारोह मनाई जाएगी, जिसमें अनेक कांग्रेसी नेता शिरकत कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बहुजन संघर्ष दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह बिधनोई ने बताया कि जयंती कार्यक्रम में राष्ट्रपति से सम्मानित सुलेखा कटारिया को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी प्रियंका गांधी के नजदीकी नेता प्रदीप नरवाल, लोहारू विधायक राजवीर फरटिया सहित \कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो बड़ा आंदोलन करने को होंगे बाध्य: संतलाल

# ढाणी रिवासा प्रकरण के दोषियों की गिरफ्तारी और सांसद की सुरक्षा को लेकर किया प्रदर्शन



भिवानी। ढाणी रिवासा प्रकरण के दोषियों की गिरफ्तारी व सांसद की सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन करते भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के सदस्य।

### भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव ढाणी रिवासा में बीते दिनों चौपाल की दीवारों, कमरों और फर्श पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जातिसूचक गालियां व अपशब्द लिखे जाने के विरोध में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने कस्बा तोशाम में प्रदर्शन किया और एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने अनुसूचित जाति की चौपाल पर जातिसूचक शब्द लिखने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी व भीम आर्मी प्रमुख एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद को अविलंब जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की। इस मौके पर भीम आर्मी नेता अधिवक्ता संतलाल आंबेडकर व जयमल ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक प्रतिष्ठित सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व है, जो लगातार समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं, उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है, जिससे कुछ असामाजिक एवं जातिवादी मानसिकता के लोग उनके जीवन पर खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद पर पूर्व में कई बार जानलेवा हमले हो चुके है, जिनमें गोलियों तक से हमला किया है तथा अब भी उन्हें लगातार धमकियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद को कोई नुकसान पहुंचा तो इससे पूरे देश में अशांति का माहौल बन सकता है, जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन्हें जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करें और ढाणी रिवासा प्रकरण के दोषियों को तुरंत प्रभावों से गिरफ्तार करें। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो वे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीकों से बड़े आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर अमित जाटव, जयमल तोशाम, रणधीर भूकल, मास्टर लखन, जयवीर गोदारा, जेपी भूकल, संदीप हिसार, मंजीत हंसानिया, जोगेंद्र सांडवा, सज्जन सांडवा, नरेश उमरा, डॉ. सुदेश, पूनम, सोमबीर भुक्कल, संदीप भुक्कल, रिंकू भाटिया, सीलू, पीनी नाफरिया, हरीश, चांदराम आर्यनगर, रवि, प्रदीप जमालपुर, पंकज, करतार व विकाश आदि मौजूद रहे।



### देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** कबीर नगर धर्मशाला स्कूल में सोमवार को सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलराज खरेरा एवं संत कबीर युवा संगठन के प्रधान एवं मोर्चा जिला महामंत्री महेश सुरलिया ने अध्यक्षता की। स्कूल के बच्चों, अध्यापकों और समाजसेवियों ने पुष्प अर्पित कर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की। कबीर नगर स्कूल की अध्यापिका सरिता देवी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले महिलाओं और शिक्षा के अधिकारों की अग्रदूत थीं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर महिलाओं की शिक्षा एवं अधिकारों के लिए कार्य करना चाहिए। खरेरा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एक महान समाज सुधारक थीं, जिन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर भारत में महिलाओं की शिक्षा की नींव रखी। संत कबीर युवा संगठन के प्रधान महेश सुरलिया ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सातारा जिले के नयागांव में हुआ था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया और महिलाओं को शिक्षित करने के लिए पहला स्कूल स्थापित किया और इस दौरान अनेक संगठनों व लोगों ने उनका विरोध भी किया, लेकिन वे अपने फैसले पर अटल रही और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। इस मौके पर पवन सैनी, अध्यापिका मुकेश देवी, मंजू देवी, राजेश डाबला, मनजीत खटक, अमन, देव, सोहंम, नवीन सहित स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहे।


भिवानी। धरने को संबोधित करती महिला नेत्री संतोष देशवाल। फोटो: हरिभूमि

### आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- आमरण अनशन पर बैठेंगी दुष्कर्म पीड़िता की मां व चाची

सरकारी स्कूल की 12वीं कक्षा की पीड़ित छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी नहीं होने से तीन मार्च से शुरू जन न्याय मोर्चे का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता महाबीर, भिक्षू व पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से की। मोर्चे की तरफ से पिछड़ा वर्ग नेता राजेन्द्र तंवर, महिला नेत्री सन्तोष देशवाल व बिमला घनघस ने कहा कि पीड़ित छात्रा के साथ अनैतिक कार्य करने वाले आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया तथा पीड़ित छात्रा के सगे चाचा पर बदले की भावना से दर्ज किया झूठा मुकदमा रद्द नहीं किया तो ये आन्दोलन और ज्यादा बड़ा किया जाएगा। वहीं होली के बाद न्याय लेने के लिए पीड़ित छात्रा की मां व चाची आमरण अनशन पर बैठेंगी। आरोपी के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करवाने के 20 दिन बाद भी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। जिला पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार को न्याय देने की बजाए पीड़ित परिवार के एक सदस्य के विरुध निराधार आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से पीड़िता परिजनों व हमदर्दों में रोष है। जन न्याय मोर्चा पीड़ित छात्रा व उसके आहत परिवार के मान सम्मान के लिए लड़ाई लड़ेगा। धरने में मोर्चा के सह संयोजक सन्दीप कालू, सुन्दरसिंह, सुखदेव, सतबीर पप्पु, जगदीश, मूर्ति, रेनू, अनुराधा, बबली, राजबाला, सरोज व रचना आदि मौजूद रहे।

# वाईस चेयरमैन का किया स्वागत

- सीएम की घोषणा के बावजूद पिछले 7 माह से कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त वाईस चेयरमैन सतीश कुमार का सोमवार को एचकेआरएन कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर एचकेआरएन कर्मचारियों का नेतृत्व कर्मचारी पवन शर्मा हालुवासिया ने किया। इस कर्मचारियों और अधिकारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पवन शर्मा हालुवासिया ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त वाईस चेयरमैन शिक्षा बोर्ड के कुशल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में नए शोध एवं नवाचारों को अपनाने के लिए अपने सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि वाईस चेयरमैन की नियुक्ति के बाद अब वे शिक्षा बोर्ड की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में अपना अहम योगदान देंगे। इस दौरान एचकेआरएन कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा करीबन 7 माह पहले प्रदेश के एक लाख 20 हजार कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने की बात कही गई थी, लेकिन वो आज तक नहीं मिली। ऐसे में कर्मचारी अब बजट सत्र से उम्मीद लगाए बैठे है कि सत्र में कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी को हरी झंडी मिल जाएगी। वाईस चेयरमैन सतीश कुमार ने शिक्षा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाना है।

# अधिवक्ता को ठगने वाली महिला को पकड़ा

- पुलिस टीम ने आरोपित महिला को पेश न्यायालय में कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


अधिवक्ता को लाखों रुपये के बदले दिए गए नकली सोने के मनके। फाइल फोटो।

पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने अधिवक्ता को नकली सोना बेचकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपित महिला को रोहतक से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल आरोपित महिला से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप निवासी भिवानी ने थाना सिविल लाइन पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता अधिवक्ता ने बताया कि 25 फरवरी को दोपहर के समय कोर्ट से अपने घर के लिए जा रहे थे जो रास्ते में उन्हें हुड्डा पार्क भिवानी के पास एक व्यक्ति मिला था, जिसने उनसे पहले डाकखाने का पता पूछा इसके बाद अधिवक्ता से बताया कि वह पुराने मकान तोड़ने का काम करता है और उसके पास कुछ चांदी के सिक्के व सोने के मणिये है जिन्हें वह किसी को बेचना चाहता है इस पर अधिवक्ता के आरोपी ने उन्हें कुछ मनिए सोने के तोड़ के दिए थे जिसे हांसी गेट पर स्थित एक ज्वेलर्स के शोरूम में चेक करवाने पर अधिवक्ता को बताया गया कि सोना ठीक है इसके बाद चार मार्च को अधिवक्ता के द्वारा हुड्डा पार्क भिवानी के सामने आरोपी व उसके साथ एक महिला को 20 लाख रुपए देकर 02 किलो सोना लिया था। जिसको बाद में चेक करवाने पर पाया कि सोना नकली है जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सिविल लाइन भिवानी में दर्ज किया था।

**महिला ने बेचा था नकली सोना**

सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक सुभाष चंद ने अधिवक्ता को नकली सोना बेचने व लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपित महिला को कलानौर, जिला रोहतक से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार की गई आरोपित महिला की पहचान जमुना पत्नी पन्नालाल निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपित महिला को पेश न्यायालय में कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित महिला से गहनता से पूछताछ की जा रही है वहीं अभियोग में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# नपा चेयरमैन व पार्षदों का रिजल्ट कल आएगा

- चेयरमैन उम्मीदवारों में कोई बोला पिछली गलतियों से लेंगे सबक तो कोई बोला महिलाओं के सामान लाने-ले जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली करवाई बुक

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका के पार्षदों व चेयरमैन का परिणाम बुधवार को घोषित होगा। वोटरों ने उम्मीदवारों को पूरी तरह से घूमाने काम किया है। क्योंकि हां किसी को की तो मतदान कहीं और किया। कुछ पार्षद उम्मीदवारों ने वार्ड का विकास करवाने की सूची भी तैयार कर दी है तो वहीं चेयरमैन के उम्मीदवारों ने जीत का अनुमान लगाते हुए शहर को लेकर विकास का खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। लेकिन ये तो बुधवार को ईवीएम में बंद पार्षदों व चेयरमैन के पक्ष-विपक्ष का रिकार्ड बयां करेगा। क्योंकि इस बार किसी को भी यकीन के साथ जीता हुआ नहीं माना जा सकता।

**शहर के हर वार्ड को करेंगे चकाचक**

36 बिरादरी का नाम लेकर मैदान में उतरे पंकज महता का कहना है कि उनका परिवार पिछले 35 वर्षों से जनता के बीच रहा और उनकी सेवा की उनका अनुमान है कि दो हजार प्लस से वे विजयी होंगे क्योंकि हर श्रेणी के लोगों ने उन्हें वोट दिए हैं। उन्होंने एडवांस में चार टैक्टर-ट्राली महिलाओं के सामान लाने-ले जाने के लिए बुक करवा दिए हैं। शहर के हर युवा को रोजगार मिले, सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, स्टेडियम, बिजली-पानी सुधारीकरण पर बल सहित अन्य योजनाएं लाएंगे ताकि शहर में विकास की गंगा बहे।

**लोगों को एक छत के नीचे दिलाएंगे सुविधाएं**

चेयरमैन उम्मीदवार तरूण राठौर ने बताया कि राजपूत समाज सहित शहर के हर समुदाय से उनके पक्ष में मतदान हुआ है और वे चेयरमैन चुने जाते हैं तो सबसे पहले शहर में एक सीएससी खुलवाई जाएगी और सभी का एक ही छत के नीचे निःशुल्क कार्य करवाया जाएगा ताकि लोगों का फ्री कार्य हो सकें वहीं जनता से सलाह लेकर विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाएगा।

**महेश, सतपाल शर्मा, संजय महता भी नहीं हैं पीछे**

चेयरमैन उम्मीदवार महेश कुमार, सतपाल शर्मा, संजय महता अपने-अपने संकल्प पत्रों के तहत जीतने पश्चात विकास करवाने के दावे कर रहे हैं। लेकिन ये बुधवार को सामने होगा कौन विजय प्राप्त करता है और कौन अगली चुनावी परीक्षा की योजना के लिए फिर से तैयारी करता है।

**पुराना अनुभव व लोगों का सहयोग आएगा काम**

पूर्व में नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि व भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी सुंदर शर्मा ने बताया कि भाजपा पार्टी ने जो उन पर विश्वास जताकर मैदान में उतारा व शहर की जनता ने जो विश्वास की झलक दिखाई दी उससे साफ प्रतीत होता है कि वे चेयरमैन की कुर्सी संभालेगें और पुराना अनुभव उनके काम आएगा। जनता के साथ मिलकर विकास की गति को बल देने का काम करेंगें। जो कार्य उनके समय में रह गए या उसके बाद भी नहीं हुए वे पूरे करवाए जाएंगे।

# निरक्षरों को किया जाएगा साक्षर


चरखी दादरी। सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण करते शिक्षा अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

शिक्षा के क्षेत्र में निरक्षरों को साक्षर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में उल्लास परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए दादरी जिले को 12 हजार 952 शिक्षार्थियों का लक्ष्य है। परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर व्यक्ति भाग लेकर अपनी साक्षरता का प्रमाण प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा की स फ ल ता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग व्यापक तैयारियों में जुटा हुआ है। खंड बाढ़ड़ा में संबंधित अधिकारी लगातार स्कूल सर्वेयरों से संपर्क कर आवश्यक समन्वय कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इस परीक्षा से जोड़ा जा सके। विभिन्न स्तरों पर सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि इच्छुक व्यक्ति वंचित न रहे। खंड सहायक समन्वयक सुंदरपाल फौगाट ने बाढ़ड़ा-हंसावास खुर्द के सामाजिक चेतना केंद्रों का दौरा किया।

## 12 मार्च को राजकीय बहु तकनीकी संस्थान के हॉल में मतगणना

# मतगणना के लिए लगेंगी 7 टेबलें, 2-2 राउंड होंगे

- रिटर्निंग अधिकारी मनोज दलाल ने मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियो को दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू


लोहारू। मतगणना की जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने मतगणना से जुड़े अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका लोहारू की मतगणना 12 मार्च को रानी झांसी लक्ष्मी बाई राजकीय बहु तकनीकी संस्थान लोहारू में होगी। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को होने वाली लोहारू नगरपालिका के मतगणना को लेकर 7 टेबल लगाई गई है। 2,2 राउंडों में मतों की गणना का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने ईवीएम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और मतगणना के दौरान पेपर वर्क से संबंधित जानकारी देकर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय बहु तकनीकी संस्थान लोहारू में मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। मतगणना के दौरान टेबल पर तीन अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। उन्होंने ड्यूटी से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया कि मतगणना के लिए राउंड वाइज मशीनें टेबल पर आएंगी।

**बैठक में यह रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य बेहद ही महत्वपूर्ण होता है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी इस प्रशिक्षण में प्रत्येक पहलु की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने मतगणना के समय जमा करवाए जाने वाले प्रपत्रों की भी जानकारी दी गई। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि लोहारू नगरपालिका के मतदाताओं ने बढ़-चढकर मतदान किया और शांतिपूर्वक चुनाव कराने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। इस दौरान डीएसपी भारतभूषण,तहसीलदार नवनीत, नायब तहसीलदार शेखर नरवाल, बीडीपीओ धर्मपाल , एसईपीओ दीपक शर्मा, नायब तहसीलदार अनिल मेंचू, श्यामसुंदर सांगवान, राजीव वत्स, सुशील जांगड़ा,प्रद्युमन गढ़वाल सहित मतगणना प्रक्रिया से जुड़े अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल होगी मतों की गणना

**बवानीखेड़ा।** एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि नगर पालिका चुनाव की मतगणना में लगे अधिकारियों और कर्मियों को ड्यूटी के लिए आज सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में एआरओ कम तहसीलदार अंकित कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगर पालिका चुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महेश कुमार ने कहा कि मतगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। यह सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में मतगणना कर्मियों की रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न किया गया है। रेंडमाइजेशन से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जिला की बवानी खेडा, सिवानी और लोहारू नगर पालिका के लिए मतगणना कर्मियों का चयन कर लिया गया है। जिनका प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सोमवार को आयोजित किया गया है।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- अपनी बीमारी को दबाए नहीं जड़ से ठीक करवाए।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर,
सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863